# INDIAN SCHOOL SOHAR
## FINAL EXAM (2017-18)

**No. of printed pages-4**

विषयः हिंदी **(पाठ्यक्रम - ब)**

**दिनांक : 11-03-2018** | **पूर्णांक : 80**

**कक्षा : IX** | **समय : 3 घण्टे**

**निर्देश : 1** इस प्रश्न-पत्र में **चार खंड** हैं- **क, ख, ग** और **घ**।

**2** चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

**3** यथा संभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रम से लिखिए।

**4** उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

---

## (खण्ड- क) (अपठित बोध)

**प्रश्न 1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

प्रकृति एक पूर्ण चक्र है- एक हाथ से लो, तो दूसरे हाथ से दो।इस चक्र को तोड़ना ठीक नहीं है।लेकिन हम यही कर रहे हैं, सिर्फ लिए जा रहे हैं।इसलिए स्रोत सूखते जा रहे हैं, धरती विषाक्त हो रही है, नदियाँ प्रदूषित हो रहीं हैं, तालाब मर रहे हैं।आधुनिक विज्ञान सोचता है कि प्रकृति से कैसी दोस्ती? हमने कुदरत का एक करिश्मा तोड़कर, किसी नदी का मुहाना मोड़कर, किसी पहाड़ का कुछ हिस्सा काटकर, प्लास्टिक और अनेक चीज़ें बनाकर सोचा कि बस प्रकृति पर विजय हासिल कर ली।प्लास्टिक कमाल का है- न जलता है, न गीला होता है, न जंग लगती है।उपयोग के बाद उसे फेंक देना कितना सुविधाजनक है लेकिन मिट्टी प्लास्टिक को आत्मसात नहीं करती।एक वृक्ष ज़मीन से उगता है।मनुष्य पाँच तत्वों से मिलकर बना है।वृक्ष और मनुष्य को ज़मीन में गाड़ दो तो वे अपने मूल तत्वों में विलीन हो जाते हैं लेकिन प्लास्टिक किसी में विलीन नहीं होता।समुद्र का पूरा तट प्लास्टिक के कचरों से भरा है।लाखों मछलियाँ मर रही हैं; उसने पानी को ज़हरीला कर दिया है; पानी की सजीवता मर गई है।प्रतिदिन प्रदूषण बढ़ता जा रहा है।आधुनिक विज्ञान की दृष्टि सीमित है और सीमित दृष्टि पूर्णता का विचार नहीं कर सकती।एक बढ़ई सिर्फ पेड़ के बारे में सोचता है।उसे लकड़ी की जानकारी है। उसे पेड़ की और कोई उपयोगिता मालूम नहीं है कि वे किस तरह बादलों को और बारिश को आकर्षित करते हैं, मिट्टी को बाँधकर रखते हैं।उसे तो अपनी लकड़ी से मतलब है।वैसी ही सीमित सोच लेकर हम अपने जंगलों को काटते चले गए और अब भुगत रहे हैं।अब ऑक्सीजन की कमी महसूस हो रही है।वृक्ष न होने से पूरा वातावरण अस्त-व्यस्त होता जा रहा है।मौसम का क्रम बदलने लगा है और फेफड़ों की बीमारियाँ बढ़ती जा रही हैं।यह सृष्टि परस्पर निर्भर है।उसे किसी भी चीज़ से खाली करने की कोशिश खतरनाक है।न हम निरंकुश स्वतंत्र हैं, और न परतंत्र हैं।यहाँ सब एक-दूसरे पर निर्भर हैं।पृथ्वी पर जो कुछ भी है, वह हमारे लिए सहोदर के समान है।हमें उन सबके साथ जीने का सलीका सीखना होगा।

प्रश्न (i) प्रकृति को एक चक्र क्यों कहा गया है और चक्र को तोड़ने का क्या परिणाम हुआ है? **2**

प्रश्न (ii) आधुनिक विज्ञान की तुलना बढ़ई से क्यों की है? **2**

प्रश्न (iii) प्लास्टिक प्रकृति के लिए विनाशकारी क्यों है? **2**

प्रश्न (iv) प्रकृति की रक्षा के लिए हमें क्या समझना होगा? **2**

प्रश्न (v) कौन-सी विशेषताओं के कारण प्लास्टिक किसी में विलीन नहीं हो सकता है? **1**

**प्रश्न 2- निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

यह कैसा वक्त है कि किसी को कड़ी बात कहो
तो भी वह बुरा नहीं मानता!
जैसे घृणा और प्यार के नियम हैं
उन्हें कोई नहीं जानता।
खूब खिले हुए फूल को देखकर
अचानक खुश हो जाना,
बड़े स्नेही सुहृद की हार पर
मन भर लाना, झुँझलाना
अभिव्यक्ति के इन सीधे-सादे रूपों को भी
सब भूल गए
कोई नहीं पहचानता।

यह कैसी लाचारी है कि हमने अपनी सहजता ही
एकदम बिसारी है।
इसके बिना जीवन कुछ इतना कठिन है
कि फर्क जल्दी समझ में नहीं आता-
यह दुर्दिन है या सुदिन है।
जो भी हो संघर्षों की बात तो ठीक है।
बढ़ने वालों के लिए यही तो एक लीक है।
फिर भी सुख-दुख से यह कैसी निस्संगता!
कि किसी को कड़ी बात कहो
तो भी वह बुरा नहीं मानता!
यह कैसा वक्त है?

प्रश्न (क) प्रस्तुत पद्यांश में किस स्थिति के प्रति खिन्नता प्रकट की गई है? **2**

प्रश्न (ख) अभिव्यक्ति के वे कौन-से सहज रूप हैं जिन्हें हम भूल गए हैं? **2**

प्रश्न (ग) सहजता के अभाव में जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है? **2**

## (खण्ड- ख) ( व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न 3 -** (क) वर्ण-विच्छेद कीजिए: **1**

आर्द्रा , वानप्रस्थ

(ख) वर्ण-संधि कीजिए: **1**

ध् + ऋ + त् + अ + र् + आ + ष् + ट् + र् + अ

व् + इ + क् + ष् + उ + ब् + ध् + अ

**प्रश्न 4 -** (क) निम्नलिखित शब्दों में से अनुस्वार व अनुनासिक युक्त सही शब्द छाँटकर लिखिए। **2**

आतंरिक, संदेश, अलंकार, चूँकि, साझँ, ऊँट

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से नुक्ता युक्त सही शब्द छाँटकर लिखिए। **1**

फन, फरेब़, दर्ज़ा, ज़ोरद़ार

प्रश्न 5 - (क) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग व मूल शब्द अलग करके लिखिए: 3

निराशा , प्रतिशत

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व प्रत्यय अलग करके लिखिए:

वैश्विक

प्रश्न 6 - (क) संधि-विच्छेद कीजिए: 2

उड्डयन, लोकोक्ति

(ख) संधि कीजिए : 2

चर + अचर, सुख + एषणा

प्रश्न 7 - (क) दिए गए विराम-चिह्नों के नाम लिखिए। 1

(i) - (ii) ;

(ख) निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम-चिह्नों का प्रयोग कीजिए: 2

सत्यार्थ प्रकाश के खडन मंडन वाले अध्याय पूरी तरह समझ तो नहीं पाता था पर पढ़ने में मज़ा आता था

## (खण्ड- ग) (पाठ्य - पुस्तक)

**प्रश्न 8 - पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) 'सत्य के प्रयोग' आत्मकथा किसने लिखी थी और इसका अंग्रेज़ी में अनुवाद किसने किया था? 1

(ख) " निश्चित रूप से हम आशाजनक स्थिति में नहीं चल रहे थे।" कौन-सा दु:खद समाचार सुनकर लेखिका ने यह कहा था? 2

(ग) लोग किन-किन चीज़ों का वर्णन करते हैं और कभी भी किसका वर्णन नहीं करते? 'कीचड़ का काव्य' पाठ के आधार पर बताइए। 2

प्रश्न 9 - 'शुक्रतारे के समान' पाठ में महादेव देसाई को किसके समान माना गया है और महादेव जी की लिखावट की क्या-क्या विशेषताएँ बताई गई हैं? 5

**अथवा**

'रामन् प्रभाव' की खोज से विज्ञान के क्षेत्र में कौन-कौन से कार्य संभव हो सके? स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 10 -पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क)'नए इलाके में' कविता में कवि ने कौन-सी दो ऋतुओं का ज़िक्र किया है? 1

(ख) नदी अपने विरह के गीत गाकर किनसे कुछ कहते हुए बहती है और मूक गुलाब क्या सोचता है? 2

(ग) कवि रहीम ने सागर की अपेक्षा पंक जल को धन्य क्यों कहा है? 2

प्रश्न 11- 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता में कितने तरह के हाथों की चर्चा की गई है और इस कविता को लिखने का मुख्य उद्देश्य क्या है? 5

**अथवा**

'आदमीनामा' पाठ के आधार पर आदमी की प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 12 - वर्तमान युग के संदर्भ में 'हामिद खाँ' नामक कहानी के संदेश की सार्थकता को स्पष्ट कीजिए। 5

**अथवा**

दिये जल उठे पाठ के माध्यम से मिलने वाले जीवन-मूल्यों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(खण्ड- घ) ( लेखन)

**प्रश्न 13 -** दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **किसी एक** विषय पर लगभग **80** से **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। **5**

(क) भारत की सांस्कृतिक एकता

(i) सांस्कृतिक एकता का अर्थ

(ii) अनेकता में एकता

(iii) हमारे त्योहार एकता के संदेशवाहक

(ख) परहित सरिस धर्म नहिं भाई

(i) परहित/परोपकार का अर्थ

(ii) प्रकृति का कण-कण परहित में संलग्न

(iii) परोपकारी नहीं होने पर मनुष्य पशु समान

(ग) जल है तो कल है

(i) जल का महत्व

(ii) जल प्रदूषण

(iii) जल को बचाने के उपाय

**प्रश्न 14-** रेल-यात्रा के समय आपके कुछ आवश्यक कागज़ खो गए थे, जो एक अपरिचित मोहित कुमार, दिल्ली निवासी के माध्यम से आपको वापस मिले हैं। मोहित को धन्यवाद देते हुए एक पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

आप अपने विद्यालय की ओर से दिल्ली भ्रमण करने गए थे। वहाँ के दर्शनीय स्थलों की जानकारी देते हुए अपनी छोटी बहन को पत्र लिखिए।

**प्रश्न 15-** अपने जीवन के लक्ष्य को निर्धारित करते हुए मुक्ता और मानुषी के बीच हुए वार्तालाप पर लगभग **50** शब्दों में संवाद लिखिए। **5**

**अथवा**

देशप्रेम और एकता के महत्व को समझाते हुए एक सैनिक और उसके पुत्र के बीच हुए वार्तालाप पर लगभग **50** शब्दों में संवाद लिखिए।

**प्रश्न 16-** **2** अक्टूबर **2018** को सायं **6** बजे इंडियन स्कूल, सोहार में एक कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। समाचार-पत्र में प्रकाशित करवाने हेतु **25** से **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **5**

**अथवा**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जवाहर रंगमंच में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके प्रचार हेतु **25** से **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**प्रश्न 17-** दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने मन में उभरे विचारों को **25** से **30** शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। **5**
विचारों का वर्णन चित्र से संबद्ध होना चाहिए।

